Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct an International Airport at Chhota Udaipur, Gujarat.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में अपने लोक सभा क्षेत्र के एक अति महत्वपूर्ण विषय को रखने जा रही हूँ ।...(व्यवधान) मेरी संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर की जनता अभी तक इस लाभ से वंचित है ।...(व्यवधान)

13.12 hrs

(At this stage Shri Adhir Ranjan Chowdhury and some other hon. Members left the House.)

महोदय, आज हमारा देश माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है ।...(व्यवधान) हमारी संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर में सरदार सरोवर है, जहां से नर्मदा कैनाल द्वारा गुजरात में हरियाली हो रही है तथा इसके माध्यम से यहां कुदरती हरियाली भी बहुत है ।...(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदय, केवड़िया कॉलोनी नामक स्थान पर विश्व के सबसे ऊंचे सरदार वल्लभ भाई पटेल का "स्टेच्यू आफ यूनिटी" का सन 2018 में अनावरण किया गया है । इसके बनने से यह क्षेत्र बहुत बड़ा प्रचलित पर्यटन स्थल बन चुका है ।...(व्यवधान) पूरे विश्व से प्रतिदिन लगभग हजारों की संख्या में लोग यहाँ आते हैं ।...(व्यवधान) विश्व का सबसे बड़ा स्टेच्यू होने के कारण यह एक दर्शनीय स्थल बन चुका है, लेकिन महोदय, यहाँ आवागमन की सुविधा के लिए अभी भी हवाई सेवा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आज भी हमारे क्षेत्र में स्थापित पर्यटक स्थल पर आने वाले दर्शकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।...(व्यवधान) महोदय, मैं आपके

माध्यम से सरकार से निवेदन करती हूं कि यहां पर एक अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाए ताकि यहाँ देश-विदेश से जो लोग आते हैं, उन्हें आवागमन की अच्छी सुविधा मिल सके और इसके साथ-साथ हमारे क्षेत्र के भाई-बहनों को भी हवाई यात्रा का लाभ मिले और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जो सपना हैं कि हवाई चप्पल पहने वाला भी हवाई यात्रा करे, वो भी पूरा हो सके । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्य, आपका विषय क्या है?

…(व्यवधान)

*m04

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, I will conclude in two minutes. Any smart man and wise man would put out the spark at the sight of it. But my friends in the ruling side are not knowing the gravity of the situation. The Ruling Party has not extended the security to Madam Gandhi Ji on the ground that there is no threat perception. Here there is a threat perception. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No.

Now, Smt. Pratima Mondal.

… (*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU: I quote what the Government has said by way of the '14th May Notification'. While extending the ban on the LTTE, the Home Ministry, in the Notification on the 14th May, has said that the

group continued violent and disruptive activities prejudicial to the integrity and sovereignty of India.

माननीय अध्यक्ष : प्रतिमा मण्डल जी, क्या आप बोलना चाहती हैं ?

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU : "It continues to adopt a strong anti-India posture and also continues to pose a grave threat to the security of the Indian nationals." Sir, she is an Indian national. …(*Interruptions*)